# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)
******************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से आज रांची में प्रबुद्धजनों और आम लोगों ने मुलाकात की। इस दौरान श्री सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने जन समस्याओं के समाधान का भी भरोसा दिलाया।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने जेटेट को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार मंडल ने आज रांची में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार जान बूझकर राज्य में भाषा विवाद उत्पन्न कर रही है और झारखंड को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि गोड्डा में अंगिका और कुड़माली, पलामू में भोजपुरी और खूंटी में मुंडारी भाषा के बहुसंख्यक लोग हैं। इसके बावजूद इन सभी जिलों में जेटेट भाषा नियमावली में बहुसंख्यक बोली जाने वाली भाषाओं को हटा दिया गया है। श्री मंडल ने कहा कि वर्ष 2013 और 2016 की जेटेट नियमावली में गोड्डा में अंगिका भाषा को जगह दी गई थी, लेकिन इस बार अंगिका भाषा को हटा दिया गया है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा जंगल में आईईडी विस्फोट की खबर है। बताया जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान विस्फोट हुआ है। इस विस्फोट में सीआरपीएफ 134 बटालियन का जवान सत्यवान कुमार सिंह गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए राउरकेला अपोलो रेफर कर दिया गया है। दरअसल झारखंड और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सलियों के विरुद्ध पिछले कुछ दिनों से लगातार झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस की ओर से संयुक्त ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जवान नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आ गये।

******************

नीट यूजी का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें राजस्थान के रहनेवाले महेश अग्रवाल को पहली रैंक हासिल हुई है। उन्हें 99.99 प्रति"ात पर्सेंटाइल हासिल हुए हैं। वहीं बालिका वर्ग में दिल्ली की रहनेवाली अविका अग्रवाल टॉप पर हैं और उन्हें पांचवीं रैंक हासिल हुई है। नीट यूजी में बाइस लाख नौ हजार तीन सौ अठारह विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें से बारह लाख से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है।

******************

गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ0 विमल कुमार ने बताया कि एक ज्वेलरी दुकान के मालिक को गोली मार दिया था तथा उससे जेवरात से भरा थैला और पांच हजार रुपये लूट लिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा और मोटरसाकिल समेत अन्य कई सामान बरामद किया गया है।

******************

चतरा पुलिस अफीम तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जिले के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में 48 घंटे के अंदर दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पत्थलगड़ा से अफीम तस्करी के मास्टरमाइंड रौशन दांगी उर्फ भागीरथी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने राजपुर थाना क्षेत्र से एक महिला से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य का अफीम और ब्राउन सुगर बरामद किया है। पुलिस ने महिला को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 12 जून को पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर 10 करोड़ रुपये मूल्य का अफीम और ब्राउन सुगर के साथ 23 लाख रुपये बरामद किया गया था।

******************

ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया संताली टीचर फेडरेशन ने आदिवासी बच्चों को पारंपरिक ओलचिकी लिपि और संताली भाषा सिखाने के लिए समर कैंप की शुरुआत की है। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता––

******************

मौसम विभाग ने राज्य में 16 से 18 जून के बीच मानसून के प्रवेश करने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि संताल परगना के रास्ते राज्य में मानसून का प्रवेश होगा। उन्होंने बताया कि आज से राज्य में प्री मानसून की बारिश शुरु हो जायेगी।

******************